आधुनिक भारत का इतिहास

(खंड-2)

-मणिकांत सिंह

1. चिरस्थायी बंदोबस्त, 1793 ई० के अंतर्गत जमींदारों से अपेक्षा की गई थी कि वे खेतिहरों को पट्टा जारी करेंगे। अनेक जमींदारों ने पट्टे जारी नहीं किए। इसका कारण था–

(a) जमींदारों के ऊपर किसानों का विश्वास था।

(b) जमींदारों के ऊपर कोई सरकारी नियंत्रण नहीं था।

(c) यह ब्रिटिश सरकार की जिम्मेदारी थी।

(d) खेतिहरों की दिलचस्पी पट्टा प्राप्त करने में नहीं थी।

2. रैयतवाड़ी बंदोबस्त के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

1. किसानों द्वारा लगान सीधे सरकार को दिया जाता था।

2. सरकार रैयत को पट्टे देती थी।

3. कर लगाने के पूर्व भूमि का सर्वेक्षण और मूल्य-निर्धारण किया जाता था।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं -

कूटः

(a) केवल 1 (b) 1, 2

(c) 1, 2, 3 (d) कोई भी नहीं

3. निम्नलिखित घटनाओं को बढ़ते हुए कालक्रम में सजाईए-

1. सिंध विजय
2. अफगान अभियान
3. तृतीय आंग्ल-मराठा युद्ध
4. प्रथम आंग्ल-सिक्ख युद्ध

कूटः

(a) 1, 3, 4, 2 (b) 1, 2, 4, 3

(c) 3, 2, 1, 4 (d) 3, 2, 4, 1

4. ब्रिटिश शासन के अंतर्गत ग्रामीण ऋणग्रस्तता किस क्षेत्र की सर्वाधिक ज्वलंत समस्या रही थी?

(a) स्थायी बंदोबस्त

(b) रैयतवाड़ी

(c) महालवाड़ी

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. वॉरेन हेस्टिंग्स प्रथम गर्वनर-जनरल थे जिन्होंने भारत में ब्रिटिश ढांचे पर आधारित एक नियमित पुलिस बल स्थापित किया।

2. रेग्युलेटिंग एक्ट, 1773 द्वारा कलकत्ता में सुप्रीम कोर्ट स्थापित किया गया।

3. भारतीय दंड संहिता वर्ष 1860 में लागू हुई।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से कथन सही है/हैं-

कूट:

(a) 1 और 2 (b) 2 और 3

(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3